# INDEX

## Starred Question No. *59

## Listed on 17.03.2023


| Sr. No. | Particulars | Page No. |
|---|---|---|
| 1. | Reply of Assembly Question No. *59 (in English) | 1-2 |
| 2. | Reply of Assembly Question No. *59 (in Hindi) | 3-4 |
| 3. | Note for Pad (in English) | 5-7 |
| 4. | Note for Pad (in Hindi) | 8-11 |

## TO DECREASE THE DROPOUT PERCENTAGE

***59: SH. GHANSHYAM DASS (Yamunanagar):**

Will the School Education Minister be pleased to state the dropout percentage of the girl students in the schools of the State togetherwith the steps taken or likely to be taken by the Government to decrease the said dropout percentage alongwith the details thereof ?

## REPLY

## SH. KANWAR PAL, SCHOOL EDUCATION MINISTER, HARYANA

Sir, a statement is placed on the table of the house.

**Statement to be laid on the table of house in connection with Starred Assembly Question No. *59.**

**Details of Girls Dropout Rate in Academic Session 2021-22**

| Year | Primary Level (Class 1st to 5th) | Upper Primary Level (Class 6th to 8th) | Secondary Level (Class 9th to 10th) |
|---|---|---|---|
| 2021-22 | 0% | 0.2% | 4.9% |

**Steps taken by the Government to decrease the dropout percentage of girls:-**

All children studying in schools have been mapped with PPP data. Children who are not attending schools as per PPP data are being identified and will be enrolled in schools through special training. Specific attention will be given to wards girls to ensure their enrolment in formal schools.

Kasturba Gandhi Balika Vidyalaya (KGBVs), separate Girls Hostel for Aarohi Model School, Chhatra Parivahan Suraksha Yojana, provision of Sanitary Napkins, vending machine and incinerators, Rani Laxmibai Atam Raksha Prashikashan (Self-defense Training) and construction of separate girl's toilets in schools are the schemes being run by School Education Department to reduce girls dropout.

-----------

## ड्रॉपआउट प्रतिशतता कम करना

***59:** श्री घनश्याम दास (यमुनानगर):

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य के स्कूलों में कन्या छात्राओं की ड्रॉपआउट प्रतिशत कितनी है तथा उक्त ड्रॉपआउट प्रतिशतता को कम करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गये या उठाए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

## उत्तर

## श्री कंवर पाल, स्कूल शिक्षा मंत्री, हरियाणा

श्रीमान जी, विवरण सदन के पटल पर प्रस्तुत है।

**तारांकित विधानसभा प्रश्न संख्या *59 के संदर्भ में सदन के पटल पर प्रस्तुत किया जाने वाला विवरण :—**

शैक्षणिक सत्र 2021—22 में लड़कियों की ड्रॉपआउट दर का विवरण **:**

| **वर्ष** | **प्राथमिक स्तर (कक्षा 1 से 5)** | **उच्च प्राथमिक स्तर (कक्षा 6 से 8)** | **माध्यमिक स्तर (कक्षा 9 से 10)** |
|---|---|---|---|
| 2021—22 | 0% | 0.2% | 4.9% |

**लड़कियों की ड्रॉपआउट दर को कम करने के लिए विभाग द्वारा उठाए गए कदम :**

स्कूलों में पढ़ने वाले सभी बच्चों को पीपीपी डाटा के साथ मैप किया गया है। पीपीपी डाटा के अनुसार जो बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं, उनकी पहचान करके उन्हें विशेष प्रशिक्षण के माध्यम से औपचारिक स्कूलों में नामांकित किया जाएगा। लड़कियों के औपचारिक स्कूलों में नामांकन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

कस्तूरबा गांधी आवासीय कन्या विद्यालयों की स्थापना, आरोही आदर्श विद्यालयों के साथ कन्या छात्रावासों की स्थापना, छात्रा परिवहन सुरक्षा योजना, सेनेटरी पैड, वेंडिंग मशीन और इंसीनरेटर, रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण, विद्यालयों में लड़कियों के लिए अलग शौचालय की व्यवस्था आदि योजनाएँ विद्यालय शिक्षा विभाग द्वारा लड़कियों की ड्रॉपआउट को कम करने के लिए चलाई जा रही हैं।

-----------

## NOTE FOR THE PAD

### Details of enrolment in Government and Private Schools:-

| Year | School management | Enrolment | | |
|---|---|---|---|---|
| | | **Boys** | **Girls** | **Total** |
| 2022-23 | Govt. Schools | 1184142 | 1201569 | 2385711 |
| | Private Schools | 1645784 | 1121635 | 2767419 |
| **Grand Total** | | **2829926** | **2323204** | **5153130** |

Presently 23,23,204 girls are studying in schools in Haryana State out of which 12,01,569 girls students are in Government Schools and 11,21,635 in Private Non-Government Schools. The detail of last 4 years of girl's dropout percentage in Haryana and at National Level is as under:-

### Details of Girls Dropout Rate in percentage (%):-

| Year | Primary level (Class 1st to 5th ) | | Upper Primary level (Class 6th to 8th ) | | Secondary level (Class 9th to 10th ) | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **Haryana** | **National level** | **Haryana** | **National level** | **Haryana** | **National level** |
| **2018-19** | 0 | 4.3 | 2.3 | 5.1 | 13.7 | 17.1 |
| **2019-20** | 0 | 1.2 | 2.5 | 3.0 | 12.0 | 15.1 |
| **2020-21** | 2.1 | 0.7 | 0 | 2.3 | 12.3 | 14.2 |
| **2021-22** | 0 | 1.4 | 0.2 | 3.3 | 4.9 | 12.3 |

The above data shows that in Haryana, the percentage of drop out among girls at all the three levels i.e. Primary Level, Upper Primary and Secondary Level has been decreasing since 2018-19 and it has always remained lesser than the national dropout rate of girls. It was only in the year 2020- 21 that the drop out of girls at Primary Level was higher in the State than the national average which was due to massive drop out of girls from private schools during Covid-19 pandemic. The State government has taken various steps to decrease the dropout rates of the girl students, the detail of the same is as under:-

### Steps taken or likely to be taken by the department to reduce the dropout rate for girls:

1. All children studying in schools have been mapped with PPP data. Children who are not attending schools as per PPP data are being identified and will be enrolled in schools through special training. Specific attention will be given towards girls to ensure their enrolment in formal schools.

2. In the month of April, School Education Department runs 'Enrolment Drive' in all habitations. During the drive, special emphasis is given to new enrolment of girls as well as re-enroll those who have left the school.

3. Department collects the data of all Government schools on its MIS Portal of such students who do not take admission in next class and send it to school heads with the direction to contact their parents personally and get those children enrolled back to schools.

4. Further, to ensure that the girls don't dropout from the schools and leave their studies in between, 36 Kasturba Gandhi Balika Vidhayalas (KGBVSs) residential schools for classes 6$^{th}$ to 8$^{th}$ has been approved for 36 Educational Backwards Blocks (EBBs). Out of total 36 KGBVs, 32 are functional. Out of total, 32 functional KGBVs, 22 KGBVs have already been upgraded to senior secondary level.

5. 36 Girls Hostels with intake capacity of 100 girls have been sanctioned for girl students of 9$^{th}$ to 12$^{th}$ classes in 36 Educational Backwards Blocks (EBBs). These hostels are attached with the prestigious Aarohi Model Schools of the state.

6. Out of school children (OoSC) Scheme: Under Samagra Shiksha, OoSC are enrolled in special training classes and after completion of course, these students are enrolled in age appropriate classes in formal schools.

7. Chhatra Parivahan Suraksha Yojana: In habitations where there is no school within a radius of 1 K.M., transportation charges @ Rs. 4 /- per k.m. are paid for this purpose to SMC for providing transport facility for girl students.

8. Non availability of separate toilets for girls was considered one of the major reasons of dropout among the girls. The State Government has provided separate girls toilets in all the schools.

9. To provide safe and secure health and hygiene facilities to the girl students in the schools, the Department of School Education Haryana provides one packet containing six sanitary pads per month to all girl students of 6$^{th}$ to 12$^{th}$ studying in various government schools and has also installed sanitary pad vending machine and incinerators in 2502 secondary and senior secondary schools.

10. Under Samgra Shiksha, workshops are being organized wherein the interaction of the girl students with role models are held regularly.

11. To instill the spirit of self-confidence and physical strength among girl students, Rani Laxmibai Atam Raksha Prashikashan in different forms of martial arts is given to girl students. Presently, training programme is running in approx. 3500 schools for about more than 1 Lac girls in 2022-23.

12. Free Bicycle to SC students: To decrease the dropout of SC children, especially the girls in habitations without school within a radius of 2 K.M., Rs. 2800/- per students of classes 6 to 8 and Rs. 3200/- per student for classes 9th to 12th for purchase bicycle.

13. Free Text Books: All students of class 1st to 8th are being provided Free Text Books. In Nuh district, Free Text Books are provided to all the students of classes 9th to 12th also.

14. Free Uniform: Under this scheme, all the students including girls of 1st to 5th class get Rs 800 /- and students of 6th to 8th class get Rs. 1000/- for purchase of school uniforms.

---

नोट फॉर पैड

## राजकीय एवं निजी विद्यालयों में नामांकन का विवरण :

| वर्ष | विद्यालय प्रबन्धन | नामांकन | | |
|---|---|---|---|---|
| 2022–23 | | लड़के | लड़कियाँ | कुल |
| | राजकीय विद्यालय | 1184142 | 1201569 | 2385711 |
| | निजी विद्यालय | 1645784 | 1121635 | 2767419 |
| कुल जोड़ | | **2829926** | **2323204** | **5153130** |

वर्तमान में हरियाणा राज्य के स्कूलों में 23,23,204 छात्राएं पढ़ रही हैं, जिनमें से 12,01,569 छात्राएं सरकारी स्कूलों में और 11,21,635 निजी गैर –सरकारी स्कूलों में हैं। हरियाणा और राष्ट्रीय स्तर पर पिछले 4 वर्षों के दौरान लड़कियों के ड्रॉपआउट प्रतिशत का विवरण इस प्रकार है:

| वर्ष | प्राथमिक स्तर (कक्षा 1 से 5) | | उच्च प्राथमिक स्तर (कक्षा 6 से 8) | | माध्यमिक स्तर (कक्षा 9 से 10) | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | हरियाणा | राष्ट्रीय स्तर | हरियाणा | राष्ट्रीय स्तर | हरियाणा | राष्ट्रीय स्तर |
| **2018-19** | 0 | 4.3 | 2.3 | 5.1 | 13.7 | 17.1 |
| **2019-20** | 0 | 1.2 | 2.5 | 3.0 | 12.0 | 15.1 |
| **2020-21** | 2.1 | 0.7 | 0 | 2.3 | 12.3 | 14.2 |
| **2021-22** | 0 | 1.4 | 0.2 | 3.3 | 4.9 | 12.3 |

उपरोक्त आंकड़ों से पता चलता है कि हरियाणा में वर्ष 2018 –19 के बाद से तीनों स्तरों अर्थात प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और माध्यमिक स्तर पर लड़कियों के स्कूल छोड़ने का प्रतिशत कम हो रहा है और यह लड़कियों की राष्ट्रीय ड्रॉपआउट दर से हमेशा कम रहा है। राज्य में केवल वर्ष 2020–21 के दौरान प्राथमिक स्तर पर लड़कियों की ड्रॉपआउट दर राष्ट्रीय औसत से अधिक थी, जो कि कोविड–19 महामारी के दौरान निजी स्कूलों से लड़कियों के बड़े पैमाने पर ड्रॉपआउट होने के कारण थी। राज्य सरकार ने छात्राओं की ड्रॉपआउट दर को कम करने के लिए कई कदम उठाए हैं, जिनका विवरण इस प्रकार है:

## लड़कियों की ड्रॉपआउट दर को कम करने के लिए विभाग द्वारा उठाए गए या उठाए जाने वाले कदम :

1. स्कूलों में पढ़ने वाले सभी बच्चों को पीपीपी डाटा के साथ मैप किया गया है। पीपीपी डाटा के अनुसार जो बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं, उनकी पहचान करके

उन्हें विशेष प्रशिक्षण के माध्यम से औपचारिक स्कूलों में नामांकित किया जाएगा। लड़कियों के औपचारिक स्कूलों में नामांकन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

2. अप्रैल माह में विभाग द्वारा सभी बस्तियों में नामांकन अभियान चलाया जाता है। इस अभियान के दौरान लड़कियों के नए नामांकन के साथ–साथ स्कूल छोड़ चुकी लड़कियों के फिर से नामांकन पर विशेष जोर दिया जाता है।

3. विभाग सभी सरकारी स्कूलों के ऐसे छात्रों का डाटा अपने एमआईएस पोर्टल पर एकत्रित करता है, जो अगली कक्षा में प्रवेश नहीं लेते हैं और इसे स्कूल प्रमुखों को उनके माता–पिता से व्यक्तिगत रूप से संपर्क करने और उन बच्चों को वापस स्कूलों में नामांकित करने के निर्देश के साथ भेजा जाता है।

4. इसके अतिरिक्त, छात्राएं अपनी शिक्षा बीच में ना छोड़ें और स्कूल से ड्रॉपआउट ना हो, यह सुनिश्चित करने के लिए राज्य के 36 शैक्षणिक रूप से पिछड़े खंडों में से 32 में कक्षा 6 से 8 की छात्राओं के लिए कस्तूरबा गांधी आवासीय कन्या विद्यालयों की स्थापना शुरुआती तौर पर की गई है। इन विद्यालयों को चरणबद्ध तरीके से वरिष्ठ माध्यमिक स्तर तक स्तरोन्नत किया जा रहा है, अब तक 22 कस्तूरबा गांधी आवासीय कन्या विद्यालयों को वरिष्ठ माध्यमिक स्तर तक स्तरोन्नत किया जा चुका है।

5. कक्षा 9 से 12 की छात्राओं के लिए राज्य के शैक्षणिक रूप से पिछड़े 36 खंडों में 100 लड़कियों की प्रवेश क्षमता वाले 36 कन्या छात्रावासों की स्थापना की स्वीकृति जारी की जा चुकी है। ये छात्रावास राज्य के प्रतिष्ठित आरोही आदर्श विद्यालयों के साथ जोड़े गए हैं।

6. **'आउट ऑफ स्कूल चिल्ड्रन' योजना :** समग्र शिक्षा के तहत 'आउट ऑफ स्कूल चिल्ड्रन' योजना चलाई जा रही है जिसके तहत विद्यालय न आ पाने वाले बच्चों की पहचान कर उन्हें विशेष प्रशिक्षण प्रदान करते हुए पाठ्यक्रम पूरा करवाने के उपरांत आयु उपयुक्त कक्षाओं में औपचारिक विद्यालयों में नामांकित किया जाता है।

7. **छात्रा परिवहन सुरक्षा योजना :** जिन बस्तियों के 1 किलोमीटर के दायरे में कोई स्कूल नहीं है, उन बस्तियों की लड़कियों को नजदीक के विद्यालयों तक

आने–जाने के लिए संबंधित विद्यालय प्रबंधन समितियों को विशेष वाहन की व्यवस्था करने के लिए विभाग द्वारा प्रति छात्रा रु 4/- प्रति किलोमीटर की दर से परिवहन शुल्क प्रदान किया जाता है।

8. लड़कियों के लिए अलग शौचालयों की अनुपलब्धता को लड़कियों के स्कूल छोड़ने के प्रमुख कारणों में से एक माना जाता था। राज्य सरकार ने सभी स्कूलों में लड़कियों के लिए अलग शौचालयों की व्यवस्था की है।

9. स्कूलों में छात्राओं को सुरक्षित स्वास्थ्य और स्वच्छता सुविधाएं प्रदान करने के लिए विद्यालय शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा राजकीय विद्यालयों में कक्षा 9 से 12 की सभी छात्राओं को 6 सेनेटरी पैड का एक पैकेट प्रति माह उपलब्ध करवाया जाता है तथा 2502 उच्च और वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन और इंसीनरेटर स्थापित किए गए हैं।

10. समग्र शिक्षा के अंतर्गत कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है जिनमें नियमित रूप से छात्राओं का रोल मॉडल से संवाद करवाया जाता है।

11. छात्राओं में आत्मविश्वास और शारीरिक शक्ति की भावना जगाने के लिए छात्राओं को मार्शल आर्ट के विभिन्न रूपों में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। वर्तमान में वर्ष 2022–23 के दौरान यह प्रशिक्षण कार्यक्रम लगभग 3500 विद्यालयों में एक लाख से अधिक लड़कियों के लिए चलाया जा रहा है।

12. **अनुसूचित जाति के छात्रों को मुफ्त साइकिल**: 2 किलोमीटर के दायरे में बिना स्कूल वाली बस्तियों में अनुसूचित जाति के बच्चों, विशेषकर लड़कियों के ड्रॉपआउट को कम करने के उद्देश्य से कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों को ₹ 2800/– प्रति विद्यार्थी तथा कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों को ₹ 3200/– प्रति विद्यार्थी, साइकिल खरीदने के लिए प्रदान किए जाते हैं।

13. **निशुल्क पाठ्य पुस्तकें:** कक्षा 1 से 8 तक के सभी विद्यार्थियों को निशुल्क पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराई जा रही हैं।

14. **निशुल्क वर्दी:** इस योजना के अंतर्गत कक्षा 1 से 5 तक की छात्राओं सहित सभी विद्यार्थियों को ₹ 800/– तथा कक्षा 6 से 8 तक की छात्राओं सहित सभी विद्यार्थियों को ₹ 1000/– की राशि स्कूल वर्दी की खरीद के लिए उपलब्ध करवाई जाती है।